प्राचार्य

आर0एम0पी0 (पी0जी0) कालेज, गुरूकुल नारसन (हरिद्वार)

पिन कोड – 247670, कार्यालय दूरभाष– 01332–229221

E-mail ID- principalrmppgcollegenarsan@gmail.com Website : www.rmppgcollege.co.in

पत्रांक : ................/2025–26 दिनांक : 06–08–2025

# बी0ए0 एवं बी0कॉम0 तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर (NEP) (सत्र 2025–26) में प्रोविजनल प्रवेश की तिथि विस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

**बी0ए0 एवं बी0कॉम0 द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर** परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वें सभी अर्ह छात्र–छात्राऐं विश्वविद्यालय द्वारा जारी विषम सेमेस्टर वर्ष 2025–26 हेतु प्रवेश में कक्षोन्नति (Promotion) नियम पत्र सं0 2791/एसडीएसयू/2025 (छायाप्रति संलग्न) के अनुसार अर्ह छात्र–छात्राएं अपने तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर में प्रोविजनल प्रवेश लेने के लिए ऑनलाईन प्रवेश फार्म एंव फीस अपने महाविद्यालय लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड से ऑनलाईन भरने के उपरान्त अंकतालिकाओं एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों सहित **प्रवेशाधिकारी के हस्ताक्षर उपरान्त** प्रवेश फार्म एवं फीस फार्म का प्रिन्ट कालेज कार्यालय की खिड़की नं0 03 पर जमा करें। प्रवेश शुल्क का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | कक्षा | महाविद्यालय की ऑनलाईन प्रवेश शुल्क | विश्वविद्यालय द्वारा फीस जमा करने की प्रारम्भ व अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | बी0ए0 तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर | 4195/– | **06–08–2025 से 20–08–2025 तक** |
| 2 | बी0कॉम0 तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर | 6195/– | |

पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र एवं फीस रसीद की प्रति एवं आवश्यक सभी सेमेस्टर की अंकतालिकाओं/प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित सभी अभिलेख स्वप्रमाणित कर **दिनांक 20–08–2025** तक महाविद्यालय में खिड़की नं0 03 पर दोपहर 02:00 बजे से 03:00 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर जमा करेंगे।

नियत तिथि तक ऑनलाईन फीस जमा न करने एवं नियत तिथि तक प्रोविजनल प्रवेश फार्म महाविद्यालय में जमा न होने की स्थिति में होने वाली हॉनि के लिए छात्र/छात्राऐं स्वयं जिम्मेदार होगें ।

**नोट : यदि किसी छात्र/छात्रा की किसी सेमेस्टर या विषय में बैक है तो वह कालेज कार्यालय से सम्पर्क करने के उपरान्त ही अपनी महाविद्यालय फीस जमा करेंगे।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. प्रवेशाधिकारी – डॉ0 प्रदीप कुमार (बी0ए0 पाठ्यक्रम) एवं श्री दिनेश कुमार त्यागी (बी0कॉम0 पाठ्यक्रम)
2. कार्यालय अधीक्षक
3. श्री अजय कुमार, कम्प्यूटर सहायक को महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
4. नोटिस बोर्ड।
5. कक्षावार सूचना।

भवदीय

(डॉ0 बी0एल0 कुशवाहा)

Principal
R. M. P. (P.G.) College
Gurukul Narsan
Hardwar (U.K.)

Scanned with CamScanner

श्री देव सुमन विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड–249199

Sri Dev Suman Uttrakhand Vishwavidhyala Badshhithaul, Tehri Garhwal, Uttrakhand-249199

Ref. No. 2711 SDSUV/2025 DATE 06/08/2025

1- प्रवेशाधिकारी समस्त संकाय
2. का.अ. श्री मोहित मलिक / श्री अजय कुमार / श्री मुकेश कुमार
6/8/2025

राम प्र. (पी.जी.) कालेज नारसन
प्राप्ति
प्राप्ति का दिनांक 06/08/25
रजिस्टर क्रम संख्या 297

सेवा में

प्राचार्य / निदेशक
समस्त सम्बद्ध श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
टिहरी गढ़वाल।

विषय:- विषम सेमेस्टर वर्ष 2025–26 हेतु प्रवेश में कक्षोन्नति (Promotion) नियम विषयक।

महोदय

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त राजकीय /अशासकीय /महाविद्यालयों एवं स्ववित्त शिक्षण संस्थानों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2025–26 के स्नातक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर के तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश / सेमेस्टर शुल्क जमा करने हेतु समर्थ पोर्टल पर दिनांक 06.08.2025 से 20.08.2025 तक की तिथि निर्धारित की गई है।

- तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर में प्रवेश व शुल्क हेतु निम्नलिखित नियमों का पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाय।
- कक्षोन्नति (Promotion)
  - विद्यार्थी को वर्तमान विषम सेमेस्टर से अगले सम सेमेस्टर में सदैव प्रोन्नत किया जायेगा, चाहे वर्तमान विषम सेमेस्टर का परिणाम कुछ भी हो।
  - विद्यार्थी ने तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु अनुमति निम्न शर्तों पर प्रदान करना सुनिश्चित करें।
    1. यदि प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में कुल आवश्यक (Required) क्रेडिटस् का न्यूनतम 50 प्रतिशत क्रेडिट (23 क्रेडिट) के पेपर्स (थ्योरी एवं प्रैक्टिकल मिलाकर) उत्तीर्ण कर लिए हों तथा पूर्व वर्षों (वर्तमान वर्ष के अतिरिक्त) के लिये आवश्यक (Required) सभी (मुख्य / माईनर / स्किल इत्यादि) पेपर्स तथा **Qualifying Papers** (सह–पाठ्यक्रम) के क्रेडिट्स उत्तीर्ण कर लिये हों।
    2. 50 प्रतिशत क्रेडिट की गणना करने में दशमलव के बाद के अंक नहीं गिने जायेंगे। जैसे कि 27.6 तथा 27.3 को 27 ही माना जाएगा।
    3. उपरोक्त बिन्दु के क्रम में नॉन एन0ई0पी0 पाठ्यक्रमों में भी प्रोन्नत नियमों को दृष्टिगत रखते हुए प्रवेश देना सुनिश्चित करें।

अतः समस्त प्राचार्यो / निदेशक उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें साथ ही किसी भी समस्या हेतु विश्वविद्यालय से सम्पर्क करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक।
3. सहायक परीक्षा नियंत्रक (मुख्य) / व्या0।
4. सहायक कुलसचिव वित्त / प्रशा0।
5. कार्यालयप्रति।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner